स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष चुने गए डा० भरत राज सिंह

By dastakmedia
October 13, 2017
http://dastaktimes.org/archives/186614



लखनऊ : उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के क्रियावान के लिए अनुकूल वातावरण एंव उसमे जन साधारण की सक्रिय भागीदारी हेतु शासनादेश संख्या -3483/ नौ-5-2017-355-सा /2017 दिनांक 04 सितम्बर 2017 के क्रम में, नगर महापालिका के सभी जोन्स व उनके वार्ड्स में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के गठन का निर्णय लिया गया। उक्त अभियान को गति देने व नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने हेतु राजीव गांधी वार्ड – द्वितीय में भी विराम खण्ड, विनय खण्ड के 9-नागरिकों को इसका दायित्व दिया गया है, जिसकी प्रथम बैठक 12 अक्टूबर 2017 को राम-भवन परिसर में संपन्न हुयी। इस बैठक में गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष डा० बी०एन० सिंह व सचिव, रूप किशोर शर्मा व आर०एस० मिश्र तथा उप-खण्ड समितियों के अध्यक्ष, जी०एन० सिन्हा, आदि एवं नगर उपाध्यक्ष, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति, सुनील मिश्रा, संयुक्त नगर आयुक्त, अनूप वाजपेयी व पूर्व-पार्षद अरुण तिवारी आदि सम्मिलत हुए और स्वच्छता अभियान को गति देने हेतु अपने सुझाव दिए।

बैठक से पूर्व, सभी मनोनीत नागरिकों की सहमति से डा० भरत राज सिंह, जो गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के पर्यावरण सलाहकार व स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज के महा-निदेशक (तकनीकी) है, एकमत से इस कार्यहेतु अध्यक्ष मनोनीत किया गया। डा० सिंह ने सभी नागरिकों को धन्यवाद देते हुए उनके सहयोग औरउनमें स्वच्छता अभियान के प्रति जन-मानस में प्रेरणा जगाने के लिए उनकी सहभागिता और नगर निगम के अधिकारियों से भी उनमे सामंजय बैठाकर समुचित प्रगति बढ़ाने की अपेक्षा की है। उल्लेखनीय है कि डा० भरत राज सिंह एकवरिष्ठ पर्यावरणविद हैं जो विश्वस्तर पर ग्लोबलवार्मिंग की विभीषिकाओं के प्रति सचेत करते रहते हैं और जलवायु-परिवर्तन के संरक्षण पर अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं।